ऑनलाइन सीख लिया नकली नोट छापना, किराए के मकान में करने लगे प्रिंटिंग, गिरोह का भंडाफोड़

मध्य प्रदेश पुलिस ने इंदौर में नकली नोट छापने और उन्हें विभिन्न राज्यों में प्रसारित करने वाले गिरोह के सरगना सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है. एक अधिकारी ने मंगलवार को ये जानकारी दी है. पत्रकारों से बात करते हुए इंदौर के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) आदित्य पाटले ने कहा कि आरोपियों की पहचान मनप्रीत सिंह विर्क, मलकीत सिंह विर्क, महिपाल बेदा, अनुराग सिंह चौहान और मोहसिन खान के रूप में हुई है.

Source: https://www.aajtak.in/madhya-pradesh/story/learned-to-print-fake-notes-online-started-printing-in-a-rented-house-gang-of-5-busted-lcltm-dskc-2159247-2025-02-05